## ॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

### मौसीबाड़ी में महाप्रभु का आज लगेगा गंज भोग, कल मुख्य मंदिर लौटेंगे भगवान जगन्नाथ

रांची| धुर्वा स्थित मौसीबाड़ी मंदिर में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ को गंज भोग लगाया जाएगा। 25 जुलाई को महाप्रभु की घुरती (बहुड़ा) रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही भगवान अपने मुख्य मंदिर लौटेंगे। मंदिर समिति के अनुसार सुबह 5 बजे सुप्रभातम से पूजा-अर्चना शुरू होगी। सुबह 6 बजे आरती के बाद श्रद्धालु महाप्रभु के दर्शन कर सकेंगे। 8 बजे अन्न भोग अर्पित किया जाएगा। दोपहर 2:50 बजे दर्शन बंद कर भगवान की प्रतिमाओं को रथ पर विराजमान किया जाएगा। 3 बजे तक रथारूढ़ भगवान का विशेष श्रृंगार होगा और 3:05 बजे श्री विष्णु सहस्त्रनाम पाठ व महाआरती होगी। इसके बाद रथ मुख्य मंदिर की ओर प्रस्थान करेगा और शाम 5 बजे तक मुख्य मंदिर पहुंचेगा।

### हज यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

रांची | झारखंड राज्य हज समिति की ओर से आजमीन ए हज के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 24 जुलाई रात्रि 11.59 बजे तक निर्धारित की गई है। राज्य हज समिति के संयुक्त सचिव गुलाम समदानी ने बताया कि इसके बाद आवेदन की अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार का विस्तार नहीं किया जाएगा। हज के लिए चयन प्रक्रिया 30 जुलाई को हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई में आयोजित की जाएगी।

**भास्कर तक पहुंचाएं सीधे खबर**

धर्म-समाज-संस्था की खबर प्रकाशित करवाने के लिए आप व्हाट्सएप नंबर 9340931264 पर भेजें, फोटो एचडी हो

## आज का पंचांग



श्रीपति त्रिपाठी

**तिथि संवत्** आषाढ़ शुक्ल पक्ष दशमी सुबह में 10:09 तक उपरांत एकादशी श्री शुभ संवत-2083, शाके 1948, हिजरी सन-1447-48

**सूर्योदयकालीन ग्रह विचार**
सूर्य-मिथुन, चंद्रमा- वृश्चिक, मंगल-वृष, बुध-मिथुन, गुरु-कर्क, शुक्र-सिंह, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

**सूर्योदयकालीन नक्षत्र**
अनुराधा उपरांत समस्त अनुराधा, योग-शुक्ल, करण-गर

**चौघड़िया :** प्रातः 06:00 से 07:30 तक चर, प्रातः 07:30 से 09:00 तक लाभ, प्रातः 09:00 से 10:30 बजे तक अमृत, प्रातः 10:30 बजे से 12:00 बजे तक काल, दोपहरः 12:00 से 01:30 बजे तक शुभ, दोपहरः 01:30 से 3:00 बजे तक रोग, दोपहरः 3:00 से 4:30 बजे तक उद्वेग, शामः 04:30 से 06:00 तक चर।

**उपायः** श्री महालक्ष्मी को कमल पुष्प अर्पित कर श्रीसूक्त का पाठ करें। **आराधनाः** ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नमः। **दिशाशूल**-पश्चिम। **खरीदारी के लिए शुभः** प्रातः 09:00 से 10:30 तक। **राहु कालः** प्रातः 10:30 से 12:00 बजे तक।

## राशिफल

**मेष : शुभ अंक 6, शुभ रंग अरुण ताम्रः** आज आपका ध्यान परिणाम से अधिक कार्य की गुणवत्ता पर रहेगा और यही सोच आपको दूसरों से आगे ले जाएगी। नौकरी में किसी नई कार्यप्रणाली को अपनाने का अवसर मिलेगा।

**वृष : शुभ अंक 1, शुभ रंग कस्तूरी भूराः** आज आपकी धैर्यपूर्ण कार्यशैली धीरे-धीरे बड़े लाभ का आधार बनेगी। संपत्ति, खेती, बागवानी, निर्माण सामग्री, वस्त्र या खाद्य पदार्थों से जुड़े व्यवसाय में प्रगति के संकेत हैं।

**मिथुन : शुभ अंक 8, शुभ पन्ना हरितः** आज आपका दिन नए संपर्क, नए विचार और नई संभावनाओं से भरपूर रहेगा। विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में कोई नई तकनीक उपयोगी सिद्ध होगी।

**कर्क : शुभ 3, शुभ रंग चंद्र रजतः** घर और परिवार से जुड़ी जिम्मेदारियों को निभाने में संतोष मिलेगा। नौकरी में आपकी संवेदनशीलता और सहयोग की भावना टीम के बीच विश्वास बढ़ाएगी। स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त जल पीना लाभकारी रहेगा।

**सिंहः शुभ अंक 5, शुभ रंग सूर्य स्वर्णः** आज आपकी योजनाएँ दूरगामी सफलता की नींव रख सकती हैं। नौकरी में किसी वरिष्ठ अधिकारी की अनुपस्थिति में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलेगा।

**कन्या : शुभ अंक 2, शुभ रंग काई हरितः** आज व्यावहारिक सोच और अनुशासन आपकी सफलता का मुख्य आधार रहेंगे। किसी जटिल प्रक्रिया को सरल बनाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। स्वास्थ्य के लिए नियमित दिनचर्या बनाए रखें।

**तुला : शुभ अंक 7, शुभ रंग कमल गुलाबीः** आज आपका सौम्य स्वभाव कई नए संबंधों की शुरुआत करा सकता है। नौकरी में किसी महत्वपूर्ण बैठक में मध्यस्थ की भूमिका निभाकर सराहना प्राप्त करेंगे।

**वृश्चिक : शुभ अंक 9, शुभ रंग गहरा रक्तिमः** आज आपका धैर्य और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण बड़ी सफलता का कारण बनेगा। किसी जटिल तकनीकी समस्या या कानूनी प्रक्रिया में सकारात्मक प्रगति होगी।

**धनु : शुभ अंक 4, शुभ रंग तप्त काषायः** आज आपके भीतर नई जगहों और नए विचारों को जानने की उत्सुकता बनी रहेगी। शिक्षा, प्रकाशन, पर्यटन, आध्यात्मिक अध्ययन या विदेश व्यापार से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा।

**मकर : शुभ अंक 3, शुभ रंग धूमिल शिलाः** आज आपकी योजनाबद्ध कार्यशैली आपको दूसरों से अलग पहचान दिलाएगी। नौकरी में प्रशासनिक निर्णय या संसाधनों के बेहतर प्रबंधन से वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित होंगे।

**कुंभ : शुभ अंक 8, शुभ रंग नीलाभ आकाशः** आज आपकी नवीन सोच किसी रुके हुए कार्य को नई गति दे सकती है। विज्ञान, तकनीक, डिजिटल सेवाओं, नवाचार या सामाजिक उद्यम से जुड़े लोगों को विशेष सफलता मिलने की संभावना है।

**मीनः शुभ अंक 5, शुभ रंग जामुनी पुष्पः** आज आपकी संवेदनशीलता और कल्पनाशक्ति कई लोगों के लिए प्रेरणा बन सकती है। नौकरी में किसी कठिन परिस्थिति को शांतिपूर्वक संभालने की आपकी क्षमता की सराहना होगी।

## चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई, आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



रांची | चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती पर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। समिति अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में पूजा पंडाल परिसर में स्थापित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उपस्थित लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों के साथ स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए। रमेश सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन देशभक्ति, साहस और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आजाद के विचारों को अपनाएं और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समर्पित भाव से कार्य करें। इस दौरान लोगों ने आजाद के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को याद किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया।

**चातुर्मास • 20 नवंबर तक मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम**

# देवशयनी एकादशी कल, 119 दिन के लिए योगनिद्रा में जाएंगे श्रीहरि

सिटी रिपोर्टर | रांची

आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी यानी 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ ही चातुर्मास की शुरुआत हो जाएगी। इसी दिन से भगवान विष्णु 119 दिनों के लिए क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाएंगे। चातुर्मास में विवाह, गृह प्रवेश सहित सभी मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। मंदिरों में शयनोत्सव, विष्णु सहस्त्रनाम, श्रीसूक्त पाठ और विशेष आराधना का क्रम शुरू होगा। ज्योतिषाचार्य प्रणव मिश्रा के अनुसार इस वर्ष देवशयनी एकादशी अमृत योग, ब्रह्म योग और अनुराधा नक्षत्र के दुर्लभ संयोग में आएगी। इसके बाद बृहस्पति का पुष्य नक्षत्र में प्रवेश धर्म, साधना और दान-पुण्य के लिए विशेष शुभ माना जा रहा है। चातुर्मास 25 जुलाई से 20 नवंबर (देवउठनी एकादशी) तक रहेगा। चतुर्मास के दौरान जप, तप, व्रत, दान, आध्यात्मिक साधना का विशेष महत्व होता है।

### शयनोत्सव के साथ बदलेगी मंदिरों में सेवा



**एकादशी पूजा मुहूर्त**

**24 जुलाई: सुबह** 10:10 बजे एकादशी तिथि शुरू
**25 जुलाई: सुबह** 11:58 बजे एकादशी तिथि समाप्त
**25 जुलाई: उदयातिथि** में व्रत
**पूजा मुहूर्त: सुबह** 7:21 से 9:03 बजे
**26 जुलाई: व्रत** पारण सुबह 5:39 से 8:22 बजे तक

**विष्णु सहस्त्रनाम पाठ होगा...** देवशयनी एकादशी पर भगवान श्री विष्णु का पुरुषसूक्त के 16 वेदोक्त मंत्रों से षोडशोपचार पूजन, अभिषेक व श्रीसूक्त श्रीसूक्त के साथ माता लक्ष्मी का पूजन होगा। मलयागिरि व कस्तूरी युक्त चंदन का लेपन, विशेष श्रृंगार और महाआरती के बाद भगवान योगनिद्रा में विराजेंगे। शहर के वैष्णव मंदिरों में विष्णु सहस्त्रनाम, श्रीसूक्त पाठ, भजन-कीर्तन और शयनोत्सव होंगे। इसके बाद चार माह तक मंदिरों की सेवा चातुर्मास की परंपरा के अनुसार होगी।

### 20 नवंबर तक सृष्टि की सत्ता संभालेंगे भगवान शिव

ज्योतिष शालिनी वैध ने बताया कि मान्यता के अनुसार देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु के योगनिद्रा में जाने के बाद सृष्टि संचालन का दायित्व भगवान शिव संभालते हैं। इस वर्ष 26 जुलाई के रवि प्रदोष से शिव आराधना का विशेष महत्व रहेगा। शहर के शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और विशेष पूजन का क्रम बढ़ेगा। इसी अवधि से सावन मास की तैयारियां भी शुरू हो जाएंगी। चातुर्मास में गृह प्रवेश व अन्य मांगलिक कार्य नहीं होंगे। मंदिरों में शयन सेवा, सात्विक भोग, कथा, सत्संग, विष्णु सहस्त्रनाम, भजन-कीर्तन होंगे।

### स्वर्णरेखा नदी छठ घाट पर चलाया सफाई अभियान

रांची | श्रावण मास को लेकर गुरुवार को वार्ड-13 स्थित स्वर्णरेखा नदी छठ घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक के लिए जल उठाने वाले शिवभक्तों के लिए यह घाट प्रमुख आस्था का केंद्र है। अभियान के तहत घाट परिसर व पहुंच मार्गों से कचरा हटाकर आवागमन सुगम बनाया गया। मौके पर पहुंचे वार्ड पार्षद पवन तिर्की ने सफाई कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्रावणी मेले से पूर्व सभी प्रमुख घाटों की सफाई पूरी कर ली जाएगी।

## 250 श्रद्धालुओं का जत्था 18 अगस्त को बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होगा

सिटी रिपोर्टर | रांची

बजरंग दल की केंद्रीय योजना के तहत झारखंड से 18 अगस्त को बाबा बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी यात्रा के लिए लगभग 250 श्रद्धालुओं का जत्था जम्मू के भगवती नगर बेस कैम्प की ओर रवाना होगा। प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने बताया कि यह दल संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस से पूंछ जिले के धार्मिक स्थल तक पहुंचने के लिए कूच करेगा। संगठन के अनुसार यह यात्रा 2005 से नियमित रूप से हो रही है और देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल होते हैं। बताया गया कि इस परंपरा की पृष्ठभूमि 1996 के उस दौर से जोड़ी जाती है, जब अमरनाथ बर्फानी यात्रा को लेकर धमकियों के बीच बड़ी संख्या में युवा आगे आए थे। आयोजकों का कहना है कि यह यात्रा आस्था के साथ सीमा पर तैनात जवानों के प्रति सम्मान का संदेश भी देती है। इस वर्ष की यात्रा में झारखंड से अभी तक 322 लोगों ने पंजीकरण कराया है, वहीं 226 लोगों ने अभी तक आने-जाने का टिकट भी कर लिया है।

**अग्रवाल सभा महिला का तीन दिवसीय सावन महोत्सव का समापन**

# 4 उद्यमी बहनों को बेस्ट स्टॉल का खिताब



रांची | अग्रवाल सभा महिला समिति के पहल पर में महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित 27वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव का गुरुवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में रांची दूरदर्शन की अनामिका सिंह शामिल हुईं। उन्होंने महिला समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा। कहा कि महिलाएं व्यवसाय के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। ऐसे आयोजन महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी, सशक्त , जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाता है। अग्रवाल सभा महिला समिति की ओर से मेले में बेस्ट स्टॉल लगाने वाली 4 उद्यमी बहनों को पुरस्कृत किया गया। 3 दिवसीय मेले में कोलकाता, दिल्ली, जयपुर, बनारस, बिहार समेत झारखंड के 100 स्टॉल सजे। अंतिम दिन खूब खरीदारी हुई। मौके पर अध्यक्ष मनोज चौधरी, मंत्री निर्मल बुधिया, महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल, अलका सरावगी आदि मौजूद थी।

**4 बेस्ट स्टाल :** बेस्ट हैंडीक्राफ्ट छाया अग्रवाल, बेस्ट एक्सक्लूसिव आइटम्स माधुरी तोषनीवाल, बेस्ट डिस्प्लेड स्टॉल श्वेता अग्रवाल व बेस्ट सेल्स विमेनशिप अनुभा।

## गुप्त नवरात्र... नवमी पर मानस पाठ की पूर्णाहुति



रांची | मोरहाबादी स्थित यज्ञ बाबा आश्रम दुर्गा मंदिर में गुप्त नवरात्र की नवमी पर नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों का समापन रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति, महाआरती और महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ। दिनभर मंदिर परिसर जयकारों और मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। वहीं, मां भगवती का आकर्षक श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए विशेष केंद्र रहा। आश्रम के महंत बाबा भरत दास के सानिध्य में मुख्य पुजारी विकास पांडे ने वैदिक विधि से अनुष्ठान संपन्न कराए। आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एक साथ सहभागिता की और परिवार की सुख-शांति, समृद्धि व स्वास्थ्य की कामना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार गुप्त नवरात्र में शक्ति आराधना फलदायी मानी जाती है और नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा को विशेष महत्व दिया जाता है।

## मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा ने मनाया रजत जयंती समारोह



रांची| मारवाड़ी युवा मंच, दक्षिण जागृति महिला शाखा ने रजत जयंती समारोह 'सृजन से सम्मान तक' के तहत रांची में कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व अध्यक्षों, पूर्व सचिवों और संरक्षकों का अंगवस्त्र व पौधा देकर सम्मान किया। कार्यक्रम निवर्तमान झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता के सम्मान को समर्पित रहा। मंच संचालन रीना केडिया ने किया। दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का आरंभ हुआ, जिसके बाद गणेश वंदन किया गया। मुख्य अतिथि रोहित शारदा की उपस्थिति में अध्यक्ष प्रमिला सर्राफ और सचिव खुशबू शारदा ने पूर्व पदाधिकारियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि संगठन की मजबूत नींव वरिष्ठों के परिश्रम और समर्पण से बनी है। अध्यक्ष ने मंच की स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व नेतृत्व का मार्गदर्शन आज भी हमारी प्रेरणा है। उन्होंने मंच के वर्तमान पदाधिकारी का उत्साह बढ़ाया और समाज सेवा करने के इस कार्य में भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यकारिणी सदस्यों को भी पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर संगीता शारदा, संगीता बागड़ी, मधु पिलानिया, उर्मिला मोटानी, वीणा शारदा समेत अन्य सदस्य मौजूद थी।


## भास्कर CLASSIFIED

**एजुकेशन / EDUCATION**

**कोचिंग**

सीधे फाइनल लिखें- मैट्रिक, इन्टर, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, बी.एड। नीलम एजुकेशन सेन्टर, काँके रोड, राँची- 9835322147, संचालक- गोबिन्द साहु।

**सर्विस / SERVICES**

**फाइनेंस**

महिंद्रा फाइनेंस (मुद्रा, पर्सनल, कृषि, बिजनेस, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, सभी लोन, घर बैठे पाए, सिविल ख़राब भी कॉल करे 9310873578, 9588389672

**एनाउंसमेंट / ANNOUNCEMENTS**

**नाम परिवर्तन**

मैं दीपक तिर्की, पिता- मूलेनदर तिर्की, निवासी- पहान कोचा, बिरसा चौक, हटिया, रांची- 834002। मेरी बेटी मनीषा तिर्की (Manisha Tirkey) के आधार कार्ड में मनीष तिर्की (Manish Tirkey) नाम दर्ज है जो गलत है, जबकि शैक्षणिक दस्तावेज एवं जन्म प्रमाण पत्र में मनीषा तिर्की दर्ज है। सही नाम मनीषा तिर्की (Manisha Tirkey) है। शपथ संख्या- 5605, दिनांक- 23.07.2026

मैं मोहम्मद मुमताज अंसारी, पिता- मोहम्मद मोखतार अंसारी साकिन मौजा निन्दीर पोस्ट- डेमू, थाना+जिला- लातेहार। मोहम्मद मुमताज अंसारी मेरा सही नाम है। युनियन बैंक शाखा लातेहार खाता (644802010003356) में मेरा नाम मो. मुनताज हो गया है जो गलत है। शपथ संख्या- 13090, दिनांक- 23.07.2026

**ज्योतिष / ASTROLOGY**

**ज्योतिष**

फीस नहीं इनाम लूंगा पंडित रविशंकर(गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी ग्रहकलेश पति-पत्नी अनबन सौतन दुश्मन छुटकारा प्रेमविवाह घर बैठे सभी समाधान #9286387958

DB Corp Ltd पाठकों को इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले उपयुक्त पूछताछ करने और उचित परामर्श लेने की सलाह दी जाती है। डीबी कॉर्प लिमिटेड विज्ञापनदाताओं के उत्पादों और सेवाओं को लेकर किए गए दावों की जिम्मेदारी नहीं लेता है। डीबी कॉर्प लिमिटेड के प्रिंटर, प्रकाशक, संपादक और मालिक। अगर विज्ञापनदाता ऐसे दावों का सम्मान नहीं करते हैं तो दैनिक भास्कर प्रकाशन समूह को किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा।

**भास्कर matrimony**

हर सफल रिश्ता... एक सही पहल से शुरु होता है

आपका एक कदम आपके जीवन की सबसे **खूबसूरत कहानी** लिख सकता है

दैनिक भास्कर Matrimony में विज्ञापन दें और अपने जीवनसाथी की खोज को एक सही दिशा दें



BhaskarAd.com
बनाए क्लासिफाइड एड बुकिंग आसान
9772019222
बुकिंग के लिए स्कैन करें

**दैनिक भास्कर CLASSIFIED BOOKING CENTER**

Sourav Publicity- Dhurwa : 7667325910, Bigsun Media- Booty More : 8252708775, Sri Balaji Media- Main Road : 9431361141, B.R. Marketing- Singh More : 9470330030, A.S Media- Hinoo : 9471172507, Shashi Ad Agency- Namkum : 9955076975, Media World- Kutchery Chowk : 9431169669, Advertising Solution- Chutia : 9835129067, RDS (Just Classified) : 9304153685, Adword- Kadru : 8083980527, Sudha Ad Agency : 9471163452 Upper Bazar Relible Advertising - Radhy Shyam Lane : 9431770254, Creative Media- HB ROAD, THARPAKHNA : 9006291783, SHATWIK ADVERTISING AGENCY- 6299548049

Dainik Bhaskar Office : 601, 602, 6th Floor, Panchwati Tower, Harmu Road, Ranchi-834001 Mahesh Pathak- 7870624534, Mukesh Tiwary- 8340497575



**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**आम सूचना**

MoRTH OM No. H-24032/05/2025-TOLL(E-253390) dated 29.06.2026 के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए निम्नलिखित उपयोगकर्ता शुल्क संशोधित दर NH–139 (पुराना NH–98) के हरिहरगंज से पड़वा खंड के उपयोग के लिए, कौवाखोह (हरिहरनाथ) शुल्क प्लाज़ा, जो पलामू जिले (झारखंड) में इस खंड के डिज़ाइन किलोमीटर 32.750 पर स्थित है, पर 24.07.2026 (00:00:00 बजे) से लागू होगा ।

| वाहनों के प्रकार | एकल यात्रा के लिए शुल्क | एक दिन के भीतर वापसी यात्रा के लिए शुल्क | शुल्क प्लाजा के जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों के लिए एकल यात्रा हेतु शुल्क | एक महीने में 50 एकल यात्राओं के लिए मासिक पास शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| कार/जीप/वैन या हल्का मोटर वाहन | 50 | 70 | 25 | 1595 |
| हल्का वाणिज्यिक वाहन, हल्का माल वाहन या मिनी बस | 75 | 115 | 40 | 2580 |
| बस या ट्रक (दो एक्सल) | 160 | 245 | 80 | 5405 |
| वाणिज्यिक (तीन एक्सल) वाहन | 175 | 265 | 90 | 5895 |
| एचसीएम या ईएमई या एमएवी (चार से छह एक्सल) | 255 | 380 | 125 | 8475 |
| बड़े आकार के वाहन (7 या अधिक एक्सल) | 310 | 465 | 155 | 10315 |

नोटः (i) शुल्क प्लाजा से 20 Km की दूरी के भीतर रहने वाले स्थानीय गैर–व्यावसायिक वाहनों के लिए मासिक पास की दर, वित्त वर्ष 2026–27 के लिए केवल Rs. 360/– होगी।
(ii) ऊपर अंतिम कॉलम में उल्लिखित शुल्क, एक ही यात्रा के लिए है और यह गढ़वा जिले के भीतर पंजीकृत व्यावसायिक वाहनों (नेशनल परमिट के तहत चलने वाले वाहनों को छोड़कर) पर लागू होता है।
(iii) गैर–व्यावसायिक कार/जीप/वैन के लिए वार्षिक पास, वित्त वर्ष 2026–27 में Rs. 3075/– का भुगतान करने पर सक्रिय होगा; यह पास एक वर्ष तक या 200 शुल्क प्लाज़ा क्रॉसिंग तक (जो भी पहले हो) सभी नेशनल हाईवे/नेशनल एक्सप्रेसवे शुल्क प्लाज़ा के उपयोग के लिए मान्य होगा।

परियोजना निदेशक
भा.रा.रा.प्रा. प.का.ई. डाल्टनगंज

सड़के ही नही, राष्ट्र का निर्माण भी



22 जुलाई के विजेता

दैनिक भास्कर **जीतो 16 करोड़** किस्मत की चाबी

**स्पिन द व्हील के सभी 50 विजेताओं को हार्दिक बधाई**

01 इलेक्ट्रिक साइकिल के विजेता माही जैन *****38496

01 एयर फ्रायर के विजेता आलोक शर्मा *****26348

01 मिक्सर ग्राइंडर के विजेता पवन सुथार *****98616

**सॉस पेन के 12 विजेताओं के नाम**

| | |
|---|---|
| क्रश गुरनानी | *****74666 |
| बीरेंद्र कुमार | *****16377 |
| मोहित शर्मा | *****75719 |
| मयूर पटेल | *****12670 |
| सुशीला जैन | *****44478 |
| किरण मतवानी | *****13635 |
| दीपक रंगा | *****06969 |
| कैलाश पालीवाल | *****56612 |
| महेंद्र महावर | *****47852 |
| अशोक पारीक | *****30423 |
| अजय कुमार | *****00192 |
| नयना भट्टी | *****03171 |

**प्रेशर कुकर के 12 विजेताओं के नाम**

| | |
|---|---|
| विनोद गोस्वामी | *****72055 |
| मोंटी कुमारी | *****86114 |
| जगत जैन | *****41311 |
| शिव कुमार जैन | *****30366 |
| रामजीलाल सैनी | *****41124 |
| भगत धाकड़ | *****50867 |
| मनीष यादव | *****39079 |
| मैत्री सखिदा | *****70555 |
| संतोष अग्रवाल | *****93885 |
| स्वाति जैन | *****04346 |
| राहुल गुप्ता | *****19091 |
| राजेश लक्षकार | *****32536 |

**डफल बैग के 12 विजेताओं के नाम**

| | |
|---|---|
| रीता सिंह | *****59089 |
| शाज़िया खान | *****75279 |
| अविनाश | *****83722 |
| युवराज | *****12998 |
| मनीष शर्मा | *****07158 |
| शशिकांत | *****17811 |
| गोपाल राम | *****95228 |
| मोहम्मद अनीस | *****96357 |
| मुकुट कुमार सैन | *****94469 |
| महेंद्र प्रजापत | *****22106 |
| प्रवीण चंद्र हरिया | *****76820 |
| किशोर कुमार | *****35766 |

**आयरन के 11 विजेताओं के नाम**

| | |
|---|---|
| विक्रांत सिंह | *****42195 |
| रूपम देवी | *****41213 |
| संदीप राय | *****83193 |
| वर्षा सपाटे | *****75771 |
| आशा | *****09646 |
| किशन जाटव | *****52612 |
| कमलेश पोखरना | *****43214 |
| राजवीर यादव | *****27280 |
| प्रितेश नकुम | *****07464 |
| वैशाली हरियाणी | *****42361 |
| विनीत कुशवाहा | *****38237 |

गिफ्ट वितरण के लिए भास्कर की टीम आपसे जल्द ही संपर्क करेगी।

स्पिन द व्हील खेलने के लिए फ्रन्ट पेज पर दिए गए QR को स्कैन करें।



बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI Relationship beyond banking

**आंचलिक कार्यालय, राँची अंचल**
प्रधान टॉवर्स, ओवरब्रिज के पास, मेन रोड, राँची - 834001
सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत गिरवी रखी संपत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना

**निम्नवर्णित सम्पत्तियों को सरफेसी अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत "जैसा है जहां है के आधार पर" और "जैसा है जो है के आधार पर" और "बिना किसी संसाधन के आधार पर" बेचा जाना है**

| क्र. सं. | शाखा का नाम / खाता/ उधारकर्ता/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम / संपत्ति आईडी | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा लेने की तिथि / कब्जे की स्थिति / विक्रय सूचना की तिथि | A) आरक्षित मूल्य / B) अग्रधन जमा राशि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | आस्ति वसूली शाखा / मेसर्स अवनी एंटरप्राइजेज / BKIDRAN175 | भूमि एवं भवन (G+1) का साम्यिक बंधक, जो ग्राम – गाड़ी, थाना – सदर थाना संख्या 194, जिला – राँची में स्थित है, आर.एस. प्लॉट संख्या 146 के अंतर्गत उप-प्लॉट संख्या 146/A, खाता संख्या 1/88, राँची नगर निगम के वार्ड संख्या 06 के अंतर्गत, कुल क्षेत्रफल 10 कट्ठा (16.528 डिसमिल) भूमि पर निर्मित है, जो श्रीमती सुमित्रा देवी, पति श्री हरि शंकर उपाध्याय के नाम पर, विक्रय विलेख संख्या 11023/10368 दिनांक 12.10.1990 के अनुसार दर्ज है। **सीमाएँ :** उत्तर – प्लॉट संख्या 146 के आंशिक भाग की भूमि, दक्षिण – उप-प्लॉट संख्या 146/B के आंशिक भाग की भूमि, पूर्व – आर.एस. प्लॉट संख्या 147 एवं 148 की भूमि, पश्चिम – 15 फीट चौड़ी पीसीसी सड़क | 13(2)- 14.03.2024 / 13(4)- 18.06.2024 / सांकेतिक कब्जा / विक्रय सूचना तिथि 23.07.2026 | A) Rs. 261.05 Lakhs / B) Rs. 26.11 Lakhs | रु. 45.75 लाख + ब्याज एवं शुल्क |

संपत्तियों हेतु संपर्क विवरण : शुभम कुमार अग्रवाल — 8370032832

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 11.08.2026 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ**
**संपत्ति निरीक्षण तिथि : 10.08.2026 तक (प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें)**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : ARD, अंचल कार्यालय, अनूप गुप्ता (मुख्य प्रबंधक) 7772845416

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं : (1) ई-नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर प्रदान की गई ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। (2) ई-नीलामी के नियम और शर्तों के विवरण के लिए, कृपया https://baanknet.com देखें। (3) अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सुचना एवं कारण बताये किसी भी बोली स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/ टालने/ रद्द करने अथवा बिक्री के नियमों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।
*लागू होने वाले करों को छोड़कर।

दिनांक : 23.07.2026 | स्थान : राँची

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य है।

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया